भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1647
दिनांक 01 अगस्त, 2024

आंध्र प्रदेश में सिटी गैस पाइपलाइन वितरण परियोजनाएं

†1647. श्री केसिनेनी शिवनाथः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में बनाई गई शहरी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाएं शुरू करने वाली कम्पनियों की सूची क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं पर कितनी प्रगति हुई है तथा इनके पूरा होने की समय-सीमा क्या है;

(घ) इन पर वर्ष-वार कितनी निधियां वितरित की गई है;

(ङ) क्या सीजीडी पाइपलाइन स्थापित करने के लिए कोई नई परियोजना के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क)से (च) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध करवाना और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का भाग है और यह काम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है। 12/12ए सीजीडी बोली दौर के पूरा होने के बाद, पूरे आंध्र प्रदेश राज्य को सीजीडी नेटवर्क के तहत कवर किया गया है। सीजीडी परियोजनाओं के लिए परियोजना की लागत संबंधित सीजीडी कंपनियों द्वारा न्यूनतम कार्य योजना और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर वहन की जाती हैं। प्राधिकृत कंपनियों के पास (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में फैले एक भौगोलिक क्षेत्र सहित) अगले 8-10 वर्षों में 987 सीएनजी स्टेशन और 98,91,912 पीएनजी कनेक्शनों को स्थापित करवाने के लिए न्यूनतम कार्य योजना (एमडब्ल्यूपी) है। गत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में प्राधिकृत सीजीडी परियोजनाओं की संख्या के साथ-साथ सीजीडी कंपनियों की सूची संबंधी ब्यौरें **अनुलग्नक** में दिए गए हैं। *******

अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में नगर गैस पाइपलाइन वितरण परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 01 अगस्त, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1647 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 31.05.2024 कि स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश में सीजीड़ी परियोजनाओं की प्रगति (अंतिम पांच वर्षों में)

क्र.सं.	भौगोलिक क्षेत्र	राज्य	प्राधिकृत सीजीडी कंपनी	प्राधिकार की तिथि
1.	श्रीकाकुलम, विशाखापत्तनम और विजयनगरम जिले	आंध्र प्रदेश	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	01-03-19
2.	अनंतपुर और वाईएसआर(कडपा) जिले	आंध्र प्रदेश	एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लि.	24-04-19
3.	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर जिला	आंध्र प्रदेश	एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लि.	24-04-19
4.	कुरनूल, गुंटूर और प्रकाशम जिले	आंध्र प्रदेश	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	15-03-22
5.	चित्तूर, कोलार और वैल्लोर जिले	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक	एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लि.	24-04-19

स्रोत: पीएनजीआरबी

****